यूपी के सभी ज़िलों में बनेंगे ड्रग वेयरहाउस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक (डीजीएमई) डॉ. एन.सी. प्रजापति ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में ड्रग वेयरहाउस स्थापित करने का निर्देश दिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- इस संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग ने एक कार्ययोजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत आने वाले दो वर्षों में उत्तर प्रदेश के आठ ज़िलों- रायबरेली, सीतापुर, गोंडा, बाराबंकी, शाहजहाँपुर, औरैया, फर्रुखाबाद और संभल में 25 दवा गोदामों का उद्घाटन किया जाएगा।
- डॉ. प्रजापति ने बताया कि इन दवा गोदामों का नियंत्रण और इन दवा गोदाम में दवाओं की आपूर्ति सीधे लखनऊ स्थित डीजी कार्यालय द्वारा की जाएगी।
- इससे ग्राम स्तर पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में दवाओं का पारदर्शी तरीके से वितरण सुनिश्चित हो सकेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/drug-warehouses-to-be-built-in-all-the-districts-of-up